रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सीoईoएन o ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **ऐनोडीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका उपयोग ऐल्युमीनियम की वस्तुओं के स्वरूप और टिकाऊपन को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऐनोडीकरण के सिद्धांत को सर्वोत्तम तरीके से वर्णित करता है?**

Ans A). जंग लगने से बचाने के लिए ऐल्युमीनियम को जस्ते से लेपित किया जाता है।

B). ऐल्युमीनियम को एनोड बनाया जाता है और ऑक्सीकृत करके मोटी सुरक्षात्मक ऑक्साइड परत बनाई जाती है।

C). ऐल्युमीनियम की अभिक्रियाशीलता बढ़ाने के लिए उसे क्षार में डुबोया जाता है।

D). ऑक्साइड परत को कम करने के लिए विद्युत-अपघटन में ऐल्युमीनियम को कैथोड बनाया जाता है।

Correct Answer: B

**Q.2** **जब असंतृप्त कार्बन यौगिकों को वायु में दहन किया जाता है तो किस प्रकार की ज्वाला निकलती है?**

Ans A). स्वच्छ ज्वाला B). अत्यधिक काले धुएं वाली नीली ज्वाला C). अत्यधिक काले धुएं वाली पीली ज्वाला D). बिना धुएं वाली पीली ज्वाला

Correct Answer: C

**Q.3** **एक तुलनात्मक अध्ययन में, घास-फांट (hay infusion) से प्राप्त कुछ एककोशिकीय जीव नम्य आकृति (flexible shape) के होते हैं और खाद्य कणों का परिग्रहण (engulf) करते हैं, जबकि अन्य जीव में अनम्य बाह्य आवरण होता है और वे हरे रंग के होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा निष्कर्ष, इस अवलोकित अंतरों का सर्वोत्तम स्पष्ट करता है?**

Ans A). सभी प्रजीव प्रोकैरियोटिक होते हैं B). सभी में क्लोरोफिल अनुपस्थित होता है C). प्रजीवों की संरचना और पोषण अलग-अलग होते हैं

D). मोनेरा की कोशिका भित्ति समान होती है

Correct Answer: C

**Q.4** **इनमें से कौन-सी संरचना मूत्र को वृक्कों से मूत्राशय तक ले जाती है?**

Ans A). आंतें B). मूत्रमार्ग C). श्वासनली D). मूत्रवाहिनी

Correct Answer: D

**Q.5** **निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए: $HCl(aq) + NaOH(aq) \rightarrow NaCl(aq) + H_2O(l)$**

**उपरोक्त अभिक्रिया को किस प्रकार की रासायनिक अभिक्रिया के रूप में सर्वोत्तम तरीके से वर्गीकृत किया जाता है?**

Ans A). विस्थापन अभिक्रिया B). उदासीनीकरण अभिक्रिया C). अपघटन (वियोजन) अभिक्रिया D). संयोजन अभिक्रिया

Correct Answer: B

**Q.6** **मानव कान, 20 Hz से कम की आवृत्तियों पर कैसे प्रतिक्रिया करता है?**

Ans A). मानव कान, 20 Hz से कम की आवृत्तियों को नहीं सुन सकता है B). मानव कान, निम्न आवृत्तियों को उच्च आवृत्तियों में परिवर्तित करता है

C). मानव कान, 20 Hz से कम की सभी आवृत्तियों को सुन सकता है D). मानव कान केवल उच्च आवृत्तियों को प्रवर्धित करता है

Correct Answer: A

**Q.7** **अभिकथन (A) और कारण (R) से लेबलित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**अभिकथन (A): वायवीय श्वसन में कार्बन डाइऑक्साइड एक अभिकारक है।**
**कारण (R): ग्लूकोज के ऑक्सीकरण के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त होती है।**

**Ans** A). A सत्य है, लेकिन R असत्य है B). A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है C). A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है D). A असत्य है, लेकिन R सत्य है

**Correct Answer: D**

**Q.8** **निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकांग भौतिक रूप से केंद्रकीय आवरण से जुड़ा होता है?**

**Ans** A). गॉल्जीकाय B). लाइसोसोम C). अंतर्द्रव्यी जालिका D). माइटोकॉन्ड्रिया

**Correct Answer: C**

**Q.9** **निम्नलिखित में से कौन-सा, कोलॉइडी विलयन का अभिलक्षण है?**

**Ans** A). विलेय के कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है। B). विलेय के कण प्रकाश किरण-पुंज को प्रकीर्ण नहीं करते हैं। C). स्थायी रहने पर विलेय के कण नीचे बैठ जाते हैं। D). विलेय के कण प्रकाश किरण-पुंज को प्रकीर्ण करते हैं लेकिन नीचे नहीं बैठते हैं।

**Correct Answer: D**

**Q.10** **बिंब की किसी भी स्थिति के लिए, अवतल लेंस द्वारा बने प्रतिबिंब के साइज़ के बारे में क्या कहा जा सकता है?**

**Ans** A). यह बिंब की तुलना में हमेशा आवर्धित होता है। B). यह कभी आवर्धित और कभी छोटा होता है। C). यह बिंब की तुलना में हमेशा छोटा होता है। D). यह हमेशा बिंब के समान साइज़ का होता है।

**Correct Answer: C**

**Q.11** **जब अम्ल धातुओं के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्यतः कौन-सी गैस मुक्त होती है?**

**Ans** A). क्लोरीन B). कार्बन डाइऑक्साइड C). हाइड्रोजन D). नाइट्रोजन

**Correct Answer: C**

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सा एल्केन में प्रतिस्थापन अभिक्रियाओं का एक अभिलक्षण नहीं है?**

**Ans** A). सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में होती है B). एकाधिक उत्पाद बन सकते हैं C). एक परमाणु दूसरे परमाणु को प्रतिस्थापित करता है D). द्वि-आबंध टूट जाता है

**Correct Answer: D**

**Q.13** **पैरामीशियम भोजन का अंतर्ग्रहण किस प्रकार करता है?**

**Ans** A). पक्ष्माभ को एक विशिष्ट स्थान की ओर स्थानांतरित करके B). सतह पर प्रत्यक्ष अवशोषण द्वारा C). अस्थायी पादाभ का विस्तार करके D). अपने पूरे शरीर की आकृति को बदलकर

**Correct Answer: A**

**Q.14** **एक चिकित्सक, वर्गीकरण पदानुक्रम का उपयोग करते हुए दो जीवाणुओं में अंतर करता है: दोनों का गण (Order) समान है, लेकिन कुल (Family) अलग-अलग हैं। यह किस निष्कर्ष को दर्शाता है?**

**Ans** A). वे गण और वर्ग साझा करते हैं, लेकिन कुल साझा नहीं करते हैं B). वे केवल कुल स्तर साझा करते हैं C). वे केवल गण स्तर साझा करते हैं D). वे गण और कुल साझा करते हैं, लेकिन वंश (genus) या प्रजाति साझा नहीं करते हैं

**Correct Answer: C**

**Q.15** **किसी मशीन को संचालित करने के लिए किसी व्यक्ति द्वारा लगाया गया बल, _______ कहलाता है।**

**Ans** A). आलंब B). आयास C). भार D). प्रतिरोध

**Correct Answer: B**

**Q.16** **रदरफोर्ड (Rutherford) के मॉडल के अनुसार, परमाणु के नाभिक का मुख्य अभिलक्षण क्या है?**

**Ans** A). इसमें केवल इलेक्ट्रॉन होते हैं। B). यह छोटा, सघन और धनात्मक रूप से आवेशित होता है। C). यह बड़ा और ऋणात्मक रूप से आवेशित होता है। D). यह पूरे परमाणु में फैला होता है।

**Correct Answer: B**

**Q.17** **जीवों के निम्नलिखित में से किस समूह को उपभोक्ता के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाता है?**

**Ans** A). शाकाहारी B). मांसाहारी C). उत्पादक D). अपघटक

**Correct Answer: C**

**Q.18** **विद्युत बल्बों में नाइट्रोजन और आर्गन गैस भरने का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

**Ans** A). बल्ब की दयुति में वृद्धि करना B). बल्ब को पारदर्शी बनाना C). फिलामेंट को तीव्रता से शीतल करना D). फिलामेंट के जीवनकाल को बढ़ाना

**Correct Answer: D**

**Q.19** **किसी तत्व का परमाणु क्रमांक क्या दर्शाता है?**

Ans A). इलेक्ट्रॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या B). प्रोटॉनों की संख्या C). समस्थानिकों की संख्या D). केवल न्यूट्रॉनों की संख्या

**Correct Answer: B**

**Q.20** **यदि 4 kg की एक वस्तु 3 m/s पर गति कर रही है और 2 kg की एक अन्य वस्तु 6 m/s पर गति कर रही है, तो किस वस्तु में गतिज ऊर्जा अधिक है?**

Ans A). 2 kg की वस्तु जो 6 m/s पर गति कर रही है B). किसी भी वस्तु में गतिज ऊर्जा नहीं है C). दोनों वस्तुओं की गतिज ऊर्जा समान है D). 4 kg की वस्तु जो 3 m/s पर गति कर रही है

**Correct Answer: A**

**Q.21** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि बल के मात्रक को न्यूटन के रूप में क्यों चुना गया है?**

Ans A). यह सूत्र "F = k ma" में स्थिरांक k को 1 के बराबर बनाता है B). यह वेग की गणना को सरल बनाता है C). यह त्वरण के मान को बदलता है D). यह द्रव्यमान और त्वरण को मान में बराबर बनाता है

**Correct Answer: A**

**Q.22** **अवतल लेंस का उपयोग करके निम्नलिखित में से किस दृष्टि दोष को ठीक किया जाता है?**

Ans A). निकटदृष्टिता (Myopia) B). अबिन्दुकता (Astigmatism) C). जरा दूरदर्शिता (Presbyopia) D). दूरदृष्टिता (Hypermetropia)

**Correct Answer: A**

**Q.23** **किसी वस्तु द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात करने के लिए कौन-सी विधि उपयुक्त है, जब उसका वेग-समय ग्राफ मूल बिंदु से उर्ध्वमुखी ढाल वाली एक सरल रेखा हो?**

Ans A). अंतिम समय से प्रारंभिक समय को घटाना B). दिए गए अंतराल के लिए वेग-समय ग्राफ के अंतर्गत क्षेत्रफल की गणना करना C). वेग-समय ग्राफ की ढाल की गणना करना D). ग्राफ से अंतिम वेग के मान को पढ़ना

**Correct Answer: B**

**Q.24** **एक सुकेंद्रकी कोशिका जो अपने कार्यों को करती है और आवश्यकता न होने पर प्रोगामीकृत कोशिका मृत्यु (programmed cell death) से गुजरती है, को सर्वोत्तम रूप से __________ के रूप में वर्णित किया जाता है।**

Ans A). अर्बुद कोशिका (Tumour cell) B). दुर्दम कोशिका (Malignant cell) C). सामान्य कोशिका (Normal cell) D). जीवाणु कोशिका (Bacterial cell)

**Correct Answer: C**

**Q.25** **दो एकसमान बल्ब एक बैटरी से समानांतर क्रम में जुड़े हैं। यदि एक बल्ब फ्यूज (burns out) हो जाता है, तो दूसरे बल्ब की दीप्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा?**

Ans A). दोनों बल्ब बंद हो जाते हैं B). दूसरे बल्ब की दीप्ति बढ़ जाती है C). दूसरे बल्ब की दीप्ति कम हो जाती है D). दूसरे बल्ब की दीप्ति अपरिवर्तित रहती है

**Correct Answer: D**

**Q.26** **10 वर्ष पहले, हाथी, जिराफ से पाँच गुना बड़ा था। अब से पाँच वर्ष बाद, हाथी की आयु जिराफ की आयु की दोगुनी होगी। पाँच वर्ष पहले हाथी और जिराफ की आयु का योग कितना था?**

Ans A). 35 वर्ष B). 45 वर्ष C). 50 वर्ष D). 40 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.27** **एक कक्षा में, 25 छात्रों के औसत अंक 80 हैं। यदि इनमें से 15 छात्रों के औसत अंक 85 हैं, तो शेष छात्रों के औसत अंक कितने होंगे?**

Ans A). 73 B). 72 C). 73.5 D). 72.5

**Correct Answer: D**

**Q.28** **चार दुकानों I, II, III और IV में कुकर का अंकित मूल्य एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I, 66% और 81% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 42% और 41% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 57% और 99% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 35%, 32% और 15% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। निम्नलिखित में से कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?**

Ans A). I B). IV C). II D). III

**Correct Answer: D**

**Q.29** **यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 47 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।**

| वर्ग | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 44 | 50 | 16 | 20 | x |

Ans A). 66 B). 80 C). 68 D). 61

**Correct Answer: B**

Q.30 सुधा का व्यय उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसका व्यय 3% कम हो जाता है और बचत 21.5% बढ़ जाती है, तो उसकी आय कितने प्रतिशत बढ़ जाती है?

Ans A). 4% B). 3% C). 6% D). 1%

Correct Answer: A

Q.31 ₹1,000 की धनराशि को 10% वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों के लिए निवेश किया जाता है। यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20 B). 10 C). 40 D). 30

Correct Answer: B

Q.32 नितिन लकड़ी की एक शू-स्टैंड 2 दिनों में बना सकता है और प्रवीण उसी शू-स्टैंड को 4 दिनों में बना सकता है। यदि वे मिलकर कार्य करते हैं, तो वे 117 शू-स्टैंड कितने दिनों में बना लेंगे?

Ans A). 158 B). 152 C). 160 D). 156

Correct Answer: D

Q.33 ₹1,500 पर 3% मासिक ब्याज दर से 4 महीनों का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 180 B). 15 C). 30 D). 35

Correct Answer: A

Q.34 एक विक्रेता ₹1 में 28 नींबू खरीदता है। 75% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे ₹1 में कितने नींबू बेचने चाहिए?

Ans A). 20 B). 18 C). 17 D). 16

Correct Answer: D

Q.35 यदि $4\cot A = 2$ है, तो $\frac{1-\tan^2 A}{1+\tan^2 A}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{3}{4}$ B). $\frac{-3}{5}$ C). $\frac{-3}{4}$ D). $\frac{3}{5}$

Correct Answer: B

Q.36 एक बैग में 50 पैसे, ₹1 और ₹2 के सिक्के, 2 : 5 : 8 के अनुपात में हैं। यदि सभी सिक्कों का कुल मूल्य ₹352 है, तो बैग में सिक्कों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 260 B). 235 C). 240 D). 215

Correct Answer: C

Q.37 यदि $X = \frac{1+\sec\theta+\tan\theta}{2\tan\theta}$ है, तो $\frac{\sec\theta-1+\tan\theta}{\sec\theta+\tan\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $1+\frac{1}{X}$ B). $1+X^2$ C). $X$ D). $\frac{1}{X}$

Correct Answer: D

Q.38 एक दुकानदार दो प्रकार के चावलों को मिलाकर एकल मिश्रण के रूप में बेचता है।
वह ₹120 प्रति kg वाले 4 kg बासमती चावल को ₹80 प्रति kg वाले 6 kg सोना मसूरी चावल के साथ मिलाता है।
उसे इस मिश्रण को प्रति kg किस कीमत पर बेचना चाहिए ताकि उसे न लाभ हो और न हानि?

Ans A). ₹100 B). ₹96 C). ₹90 D). ₹88

Correct Answer: B

Q.39 यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है, तो किस वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर कोई धनराशि 2 वर्षों में स्वयं की 40 गुनी हो जाएगी? (अपना उत्तर दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). 529.3% B). 537.9% C). 532.5% D). 538.3%

Correct Answer: C

Q.40 यदि $\sqrt{x}+\frac{1}{\sqrt{x}}=3$ है, तो $x+\frac{1}{x}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5 B). 11 C). 7 D). 9

Correct Answer: C

Q.41 एक वर्ग के अंतर्गत बने वृत्त की त्रिज्या 57 cm है। परिवृत्त का क्षेत्रफल (cm² में) ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). 550 B). 1,155 C). 1,100 D). 1,000

Correct Answer: C

**Q.42** कौशल ने 90 km/h की चाल से 24 घंटे 56 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 17 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans A). 132 B). 130 C). 131 D). 135

**Correct Answer: A**

**Q.43** एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से $\frac{R}{2}$ cm त्रिज्या वाले एक अर्धगोले के आयतन के बराबर है। यदि गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल v $cm^2$ है, तो R के पदों में $\left(\frac{12v}{\pi}\right)^{\frac{1}{3}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $R^3$ B). $R^2$ C). $2R$ D). $R$


**Correct Answer: D**

**Q.44** दो ट्रेनें, P और Q, स्टेशन S और T से एक दूसरे की ओर चलना शुरू करती हैं। उन्हें स्टेशन T और S तक पहुँचने में क्रमशः 4 घंटे 48 मिनट और 3 घंटे 20 मिनट लगते हैं। यदि ट्रेन P, 45 km/hr की चाल से चल रही है, तो ट्रेन Q की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 54 km/hr B). 45 km/hr C). 60 km/hr D). 50 km/hr

**Correct Answer: A**

**Q.45** दो पाई चार्ट वर्ष 2023 और वर्ष 2024 के लिए एक कंपनी के वार्षिक व्यय के बंटन को दर्शाते हैं। वर्ष 2023 में कुल व्यय ₹4 करोड़ था तथा वर्ष 2024 में कुल व्यय ₹5 करोड़ था।




2023 से 2024 तक किस श्रेणी में व्यय में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई?

Ans A). अनुसंधान एवं विकास (R&D) B). वेतन C). विपणन D). संचालन

**Correct Answer: A**

**Q.46** एक बेईमान व्यापारी अपनी वस्तुओं को क्रय मूल्य (C.P.) पर बेचने का दावा करता है, परंतु वह खरीदते समय 7% और बेचते समय 9% की धोखाधड़ी करता है। उसे कितने प्रतिशत का लाभ होता है?

Ans A). 14% B). 12.25% C). 17.20% D). 16.63%

**Correct Answer: D**

**Q.47** A का वह न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए जो संख्या 604A4744 को 3 से विभाज्य बनाएगा।

Ans A). 7 B). 8 C). 1 D). 4

**Correct Answer: C**

**Q.48** राहुल, फल के जूस और जल को 17 : 8 के अनुपात में मिलाकर जूस बेचता है। चूँकि राहुल के जूस का स्वाद अच्छा है, इसलिए रोहन, राहुल की विधि का अनुसरण करते हुए, 153 लीटर फल के जूस में 'm' लीटर जल मिलाकर, वही मिश्रण तैयार करता है। $\sqrt{\frac{m}{2}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9 B). 5 C). 6 D). 3

**Correct Answer: C**

**Q.49** एक वर्ग का परिमाप 28 cm है, तो उसका क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). $64\ cm^2$ B). $49\ cm^2$ C). $84\ cm^2$ D). $28\ cm^2$

**Correct Answer: B**

**Q.50** यदि $29 \times 6 \times 780 \div \sqrt{2704} = y + 602$ है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2016 B). 2007 C). 2008 D). 1998

**Correct Answer: C**

Q.51 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 2 4 7 11 ?

Ans A). 16 B). 18 C). 14 D). 15

Correct Answer: A

Q.52 G, H, I, B, C, D और E में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है।
H और B के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा है। E की परीक्षा शुक्रवार को है। B और E के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। D के ठीक बाद I की परीक्षा है। C की परीक्षा सोमवार को नहीं है।
C और G के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans A). दो B). चार C). तीन D). एक

Correct Answer: B

Q.53 संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प दिए गए सेटों के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

5 – 25 – 35 – 70;
6 – 36 – 46 – 92

Ans A). 4-16-32-42 B). 3-9-18-27 C). 8-16-32-42 D). 7-49-59-118

Correct Answer: D

Q.54 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'OVEN' को '6218' के रूप में और 'MOVE' को '5621' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'N' का कूट क्या होगा?

Ans A). 1 B). 5 C). 8 D). 2

Correct Answer: C

Q.55 सात डिब्बे I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन यह जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। R के ऊपर केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। R और T के बीच केवल दो डिब्बे रखे गए हैं। केवल S को I के ऊपर रखा गया है। J को Q के नीचे किसी स्थान पर और K के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q और T के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक

Correct Answer: A

Q.56 यदि '–' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '+' है, '÷' का अर्थ '×' है और '+' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

15 × 4 + 6 – 3 ÷ 2 = ?

Ans A). 53 B). 50 C). 15 D). 11

Correct Answer: C

Q.57 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

NS-LQ-JM
RW-PU-NQ

Ans A). BF-DH-FJ B). AB-CD-EF C). TR-QP-NM D). GL-EJ-CF

Correct Answer: D

Q.58 नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन करें। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BNG : DQI
UCF : WFH

Ans A). TBQ : UDT B). QOM : SRO C). ZLE : BOH D). SAI : TDK

Correct Answer: B

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). KMO B). LMQ C). DFH D). RTV

Correct Answer: B

**Q.60** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

LOG ZAG IVY DON

दाएँ से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाएँ से दूसरे शब्द के पहले अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 5 B). 2 C). 3 D). 4

Correct Answer: C

**Q.61** अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). PI – XZ B). JC – RT C). UM – CE D). VO – DF

Correct Answer: C

**Q.62** शब्द EPIDERM के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans A). एक भी नहीं B). एक C). तीन D). दो

Correct Answer: B

**Q.63** K, H की बहन है। M, L की पत्नी है। H, M का भाई है। L, Z का पिता है। K का Z से क्या संबंध है?

Ans A). माता की बहन B). बहन का पति C). पत्नी के पिता D). भाई की पत्नी

Correct Answer: A

**Q.64** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बसें, प्लेन हैं।
कुछ प्लेन, ट्रेन हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बसें, ट्रेन हैं।
(II) कुछ ट्रेन, प्लेन हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: C

**Q.65** सात विद्यार्थी I, J, K, P, Q, R और Z एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Z, P के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। J के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Q और K के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। I के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). चार B). तीन C). एक D). दो

Correct Answer: C

**Q.66** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) S N $ $ F $ G © Y X M * M G # € $ & M # Y Y (दाएं)
ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans A). दो B). पांच C). चार D). तीन

Correct Answer: D

**Q.67** यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
36 - 1 ÷ 9 + 6 × 6 = ?

Ans A). 46 B). 44 C). 42 D). 45

Correct Answer: B

**Q.68** नीचे दी गई संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 8 2 3 5 6 9 7 3 2 4 1 8 2 5 6 9 1 4 3 2 6 8 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक और ठीक बाद में भी एक विषम अंक है?

Ans A). एक B). तीन C). चार D). दो

Correct Answer: A

Q.69 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

CAT ARM RAG FAT

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: C

---

Q.70 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : OUC :: RTF : %

Ans A). # = NVD, % = QGN B). # = PWE, % = SUE C). # = NWD, % = SRG D). # = PWD, % = QRE

Correct Answer: D

---

Q.71 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 58 का संबंध 405 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 67 का संबंध 468 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 91 का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?
(नोटः संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना, आदि की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 652 B). 636 C). 663 D). 644

Correct Answer: B

---

Q.72 एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** पांच व्यक्तियों, G, H, I, J और K में से सबसे छोटा कौन है?
**(I)** H, G और I से बड़ा है लेकिन J से छोटा है।
**(II)** K, J से छोटा है लेकिन H से बड़ा है।

Ans A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
B). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
C). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
D). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

Correct Answer: A

---

Q.73 छह मित्र E, F, G, H, L और M उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। L के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L और F के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M और E के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, H के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन G के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। G के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). चार

Correct Answer: D

---

Q.74 कविता, मिनी, टिंकू, शिव, आलोक, रिंकू और फरहीन में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
शिव और आलोक के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। मिनी और कविता के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। आलोक की परीक्षा के बाद किसी भी दिन टिंकू की परीक्षा नहीं है। रिंकू और मिनी के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। मिनी की परीक्षा से पहले केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। कविता की परीक्षा के बाद किसी भी दिन रिंकू की परीक्षा नहीं है। फरहीन की परीक्षा, शिव की परीक्षा के ठीक बाद नहीं है।
दिए गए व्यवस्थापन के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा विकल्प है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

Ans A). शिव और आलोक B). आलोक और फरहीन C). शिव और मिनी D). रिंकू और टिंकू

Correct Answer: A

---

Q.75 यदि शब्द JOURNALISM के प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो, कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). दो C). एक D). चार

Correct Answer: C

---

Q.76 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

$(4 \div 2) + 2 - 14 + 18 \times 2 - 24 = ?$

Ans A). 30 B). 40 C). 35 D). 45

Correct Answer: C

**Q.77** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CGXA HLTE MQPI RVLM WAHQ ?

Ans A). CEEV  B). BFEV  C). BFDU  D). CEDU

Correct Answer: C

**Q.78** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 4 8 7 2 5 8 4 1 2 7 9 1 1 5 5 4 8 2 1 1 5 7 4 6 3 8 3 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद में भी एक विषम संख्या है?

Ans A). 5  B). 6  C). 7  D). 8

Correct Answer: B

**Q.79** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हों। दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ झोपड़ियां, मांद हैं। कोई भी मांद, गुफा नहीं है।

निष्कर्ष:
(I) कुछ झोपड़ियां, गुफाएं हैं।
(II) कुछ मांद, झोपड़ियां हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।  B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।  C). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
D). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Correct Answer: B

**Q.80** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'Q + W # R ÷ G @ H' है, तो Q का H से क्या संबंध है?

Ans A). भाई  B). पुत्र  C). पति  D). पिता

Correct Answer: A

**Q.81** 21 मई, 2026 को दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में, सर्वोच्च न्यायालय ने संविदा श्रमिकों के नियमितीकरण पर फैसला सुनाया, विशेष रूप से जो असम सरकार के 2012 के कार्यालय ज्ञापन (OM) से संबंधित थे। न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के उल्लंघन का फैसला सुनाया?

Ans A). अनुच्छेद 19  B). अनुच्छेद 15  C). अनुच्छेद 14  D). अनुच्छेद 21

Correct Answer: C

**Q.82** फरवरी 2026 में, किस समिट में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका ने पैक्स सिलिका घोषणा (Pax Silica Declaration) पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 (India AI Impact Summit 2026)
B). ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समिट 2026 (Global Partnership on Artificial Intelligence Summit 2026)
C). ब्लेचले पार्क AI सेफ्टी समिट 2026 (Bletchley Park AI Safety Summit 2026)
D). वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट 2026 (World Government Summit 2026)

Correct Answer: A

**Q.83** 22 अप्रैल को आयोजित विश्व पृथ्वी दिवस 2026 का मुख्य विषय क्या था?

Ans A). ग्रह बनाम प्लास्टिक (Planet vs. Plastics)  B). हमारी पृथ्वी को पुनर्स्थापित करें (Restore our Earth)
C). हमारी शक्ति, हमारा ग्रह (Our Power, Our Planet)  D). हमारे ग्रह में निवेश करें (Invest In Our Planet)

Correct Answer: C

**Q.84** ICC अंडर-19 पुरुष के क्रिकेट वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में भारत ने किस देश को हराया?

Ans A). इंग्लैंड  B). ऑस्ट्रेलिया  C). दक्षिण अफ्रीका  D). पाकिस्तान

Correct Answer: A

**Q.85** **मई 2026 में, DRDO ने हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक में एक प्रमुख सफलता हासिल करते हुए, स्वदेशी रूप से विकसित किस प्रणोदन घटक (propulsion component) का दीर्घकालिक परीक्षण सफलतापूर्वक किया?**

Ans A). रैमजेट प्रोपल्शन मॉड्यूल B). सॉलिड रॉकेट बूस्टर मोटर C). एक्टिवली कूल्ड फुल-स्केल स्क्रैमजेट कंबस्टर D). क्रायोजेनिक रॉकेट इंजन

**Correct Answer: C**

**Q.86** **2025 में ग्रीस में आयोजित हुए बहुराष्ट्रीय अभ्यास INIOCHOS-25 में निम्नलिखित में से किस भारतीय सशस्त्र बल ने भाग लिया था?**

Ans A). राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड B). भारतीय नौसेना C). भारतीय तटरक्षक बल D). भारतीय वायु सेना

**Correct Answer: D**

**Q.87** **वर्ष 2026 में, भारतीय पर्यावरण संरक्षण वैज्ञानिक परवीन शेख को गंगा बेसिन में किस संकटाग्रस्त पक्षी प्रजाति के संरक्षण के कार्य हेतु प्रतिष्ठित व्हिटली पुरस्कार प्राप्त हुआ?**

Ans A). भारतीय स्किमर B). बंगाल फ्लोरिकन C). ग्रेट इंडियन बस्टर्ड D). सारस क्रेन

**Correct Answer: A**

**Q.88** **तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु राज्यपाल मामले में, राज्य विधान पर राज्यपाल की शक्तियों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने क्या निर्णय दिया?**

Ans A). राज्यपाल को राज्य के विधेयकों पर कार्रवाई करनी चाहिए और उन्हें अनिश्चित काल के लिए अस्वीकार या विलंबित नहीं किया जा सकता
B). राज्यपाल अनिश्चित काल तक पॉकेट वीटो का प्रयोग कर सकते हैं
C). राज्यपाल विधेयक को मंजूरी से पहले संशोधित कर सकते हैं और विधेयक को विधानसभा में वापस भेज सकते हैं D). राज्यपाल के पास पूर्ण वीटो शक्ति है

**Correct Answer: A**

**Q.89** **2026 इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट में, जलवायु कार्रवाई में सतत विकास के लिए AI को बढ़ावा देने के लिए किन तीन स्तंभों पर बल दिया गया था?**

Ans A). प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और समानता (Technology, Economy, and Equity) B). शासन, विकास और हरित (Governance, Growth, and Green)
C). नवाचार, प्रभाव और अखंडता (Innovation, Impact, and Integrity) D). लोग, ग्रह और प्रगति (People, Planet, and Progress)

**Correct Answer: D**

**Q.90** **जनवरी 2026 में, बाल श्रम और तस्करी (trafficking) से बच्चों को बचाने के उत्कृष्ट कार्य के लिए किस RPF अधिकारी को भारतीय रेलवे के सर्वोच्च सेवा सम्मान 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?**

Ans A). अनीता शर्मा B). चंदना सिन्हा C). नीलम वर्मा D). माधुरी कुमारी

**Correct Answer: B**

**Q.91** **किस अफ्रीकी शहर ने 6 फरवरी 2026 को 2026 ICC अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच की मेजबानी की?**

Ans A). काहिरा (Cairo) B). लागोस (Lagos) C). नैरोबी (Nairobi) D). हरारे (Harare)

**Correct Answer: D**

**Q.92** **मार्च 2026 में किस मंत्रालय ने “ग्रह पर ध्यान केंद्रित: SDG के अंतर्गत पर्यावरणीय स्थिरता को आगे बढ़ाना” और “बड़े पैमाने पर समृद्धि प्रदान करना: SDG के माध्यम से भारत का आर्थिक परिवर्तन” शीर्षक वाली विषयगत SDG बुलेटिन रिपोर्ट जारी की थी?**

Ans A). नीति आयोग B). पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय C). वित्त मंत्रालय D). सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

**Correct Answer: D**

**Q.93** **लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित 79वें ब्रिटिश एकेडमी फिल्म अवार्ड्स (BAFTA) 2026 में, 'आई स्वियर (I Swear)' में अपने अभिनय के लिए किस अभिनेता ने बेस्ट लीडिंग एक्टर (Best Leading Actor) का पुरस्कार जीता?**

Ans A). सीन पेन (Sean Penn) B). रॉबर्ट अरामायो (Robert Aramayo) C). वैगनर मौरा (Wagner Moura) D). ईथन हॉक (Ethan Hawke)

**Correct Answer: B**

**Q.94** **अक्टूबर 2025 में, निम्नलिखित में से किसने टोकनाइज्ड फाइनेंस के लिए यूनिफाइड मार्केट्स इंटरफेस शुरू किया?**

Ans A). भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड B). भारतीय रिजर्व बैंक C). टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (TFCI) लिमिटेड
D). इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी (IDFC) लिमिटेड

**Correct Answer: B**

**Q.95** **दिसंबर 2025 में, जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च (JNCASR), बेंगलुरु और CRISPRBITS प्राइवेट लिमिटेड ने किस सेंटर फॉर कोलैबोरेटिव इनोवेशन एंड ट्रांसलेशन की स्थापना की?**

Ans A). सेंटर फॉर बायोमेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी B). सेंटर फॉर जेनेटिक रिसर्च एंड डेवलपमेंट C). सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी स्टडीज़
D). सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर CRISPR इनोवेशन एंड ट्रांसलेशन

**Correct Answer: D**

**Q.96** 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस किस थीम के साथ मनाया गया?

Ans A). मेरा लोकतंत्र, मेरा कर्तव्य B). मेरा भारत, मेरा वोट C). मेरा देश, मेरा अधिकार D). मेरा राष्ट्र, मेरी आवाज

**Correct Answer: B**

**Q.97** जनवरी और अप्रैल 2026 के बीच, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने किस राष्ट्रव्यापी पहल के अंतर्गत असुरक्षित बच्चों को बचाया और उनकी सुरक्षा की?

Ans A). मिशन वात्सल्य B). ऑपरेशन मुस्कान C). ऑपरेशन स्माइल D). ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते

**Correct Answer: D**

**Q.98** निम्नलिखित में से किस शहर ने, आइस स्पोर्ट्स (आइस हॉकी और आइस स्केटिंग) के लिए खेलो इंडिया विंटर गेम्स, 2026 के पहले चरण की मेजबानी की?

Ans A). लेह B). शिमला C). मनाली D). गुलमर्ग

**Correct Answer: A**

**Q.99** 2025 – 26 सत्र में जम्मू और कश्मीर ने किस टीम को हराकर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता?

Ans A). मुंबई B). पंजाब C). कर्नाटक D). बंगाल

**Correct Answer: C**

**Q.100** एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW-SWC) परियोजना के चौथे पोत के रूप में फरवरी 2026 में चेन्नई बंदरगाह पर किस जलयान को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था?

Ans A). INS विक्रांत B). INS अंजदीप C). INS कमोर्ता D). INS अरिहंत

**Correct Answer: B**

"